प्रेषक,

सचिव,
उ0प्र0, बेसिक शिक्षा परिषद,
प्रयागराज ।

सेवा में,

समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक बे0शि0प0/ 19684-89 /2025-26, दिनांक 31-12-2025

विषय–उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित विद्यालयों/मान्यता प्राप्त बेसिक विद्यालयों में वर्ष 2026 में दिये जाने वाले अवकाशों की तालिका का प्रेषण।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित विद्यालयों/मान्यता प्राप्त विद्यालयों में वर्ष 2026 में दिये जाने वाले अवकाशों की तालिका के सम्बन्ध में है।

उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद व्दारा संचालित परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों में दिनांक 01 जनवरी 2026 से दिनांक 31 दिसम्बर 2026 तक दिये जाने वाले अवकाश की तालिका निम्नवत है–

| क्र0 सं0 | अवकाश का नाम | दिनो की संख्या | तिथियां | दिनों के नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हजरत अली का जन्म दिवस | 1 | 03 जनवरी 2026 | शनिवार |
| 2 | मकर संक्रान्ति | 1 | 14 जनवरी 2026 | बुद्धवार |
| 3 | बसंत पंचमी | 1 | 23 जनवरी 2026 | शुक्रवार |
| 4 | गणतन्त्र दिवस | 1 | 26 जनवरी 2026 | सोमवार |
| 5 | संत रविदास जयन्ती | 1 | 01 फरवरी 2026 | रविवार |
| 6 | महाशिवरात्रि | 1 | 15 फरवरी 2026 | रविवार |
| 7 | होलिका दहन | 1 | 02 मार्च 2026 | सोमवार |
| 8 | होली | 1 | 04 मार्च 2026 | बुद्धवार |
| 9 | ईद–उल–फितर | 1 | 21 मार्च 2026 | शनिवार |
| 10 | रामनवमी | 1 | 26 मार्च 2026 | गुरूवार |
| 11 | महावीर जयंती | 1 | 31 मार्च 2026 | मंगलवार |
| 12 | गुड फ्राइडे | 1 | 03 अप्रैल 2026 | शुक्रवार |
| 13 | डा0 भीमराव अम्बेडकर जन्म दिवस | 1 | 14 अप्रैल 2026 | मंगलवार |
| 14 | बुद्ध पूर्णिमा | 1 | 1 मई 2026 | शुक्रवार |
| 15 | ईदुज्जुहा (बकरीद) | 1 | 27 मई 2026 | बुद्धवार |
| 16 | मोहर्रम | 1 | 26 जून 2026 | शुक्रवार |
| 17 | चेहल्लुम | 1 | 04 अगस्त 2026 | मंगलवार |
| 18 | स्वतंत्रता दिवस | 1 | 15 अगस्त 2026 | शनिवार |
| 19 | ईद–ए–मिलाद/बारावफात | 1 | 26 अगस्त 2026 | बुद्धवार |
| 20 | रक्षाबंधन | 1 | 28 अगस्त 2026 | शुक्रवार |
| 21 | जन्माष्टमी | 1 | 04 सितम्बर 2026 | शुक्रवार |
| 22 | विश्वकर्मा पूजा | 1 | 17 सितम्बर 2026 | गुरूवार |
| 23 | अनन्त चतुर्दशी | 1 | 25 सितम्बर 2026 | शुक्रवार |
| 24 | महात्मा गॉधी जन्मदिवस | 1 | 02 अक्टूबर 2026 | शुक्रवार |
| 25 | दशहरा (महा नवमी)/(विजय दशमी) | 1 | 20 अक्टूबर 2026 | मंगलवार |
| 26 | महर्षि बाल्मीकि जयन्ती | 1 | 26 अक्टूबर 2026 | सोमवार |
| 27 | सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिवस एवं आचार्य नरेन्द्र देव जयंती | 1 | 31 अक्टूबर 2026 | शनिवार |
| 28 | नरक चतुर्दशी/दीपावली | 1 | 08 नवम्बर 2026 | रविवार |
| 29 | गोवर्द्धन पूजा | 1 | 09 नवम्बर 2026 | सोमवार |
| 30 | भैया दूज/चित्रगुप्त जयन्ती | 1 | 11 नवम्बर 2026 | बुद्धवार |
| 31 | छठ पूजा पर्व | 1 | 15 नवम्बर 2026 | रविवार |
| 32 | गुरूनानक जयन्ती/कार्तिक पूर्णिमा/गुरु तेगबहादुर शहीद दिवस | 1 | 24 नवम्बर 2026 | मंगलवार |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 33 | क्रिसमस डे | 1 | 25 दिसम्बर 2026 | शुक्रवार |

1— उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों में तालिका में अंकित अवकाश देय होगे।

2— प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय हेतु कक्षा 1 से 5 तथा कक्षा 6 से 8 में पढाई के घंटे निम्नवत निर्धारित है :—

| | | |
|---|---|---|
| शैक्षणिक समय | 01 अप्रैल से 30 सितम्बर तक प्रातः 08 बजे से अपरान्ह 02 बजे तक, (प्रार्थना सभा/योगाभ्यास प्रातः 08 बजे से 08:15 तक) एवं 01 अक्टूबर से 31 मार्च तक प्रातः 09 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक (प्रार्थना सभा/योगाभ्यास प्रातः 09 बजे से 09:15 तक) संचालित होगी। | ग्रीष्मकाल मे मध्यावकाश अपरान्ह 10:30 बजे से 11:00 बजे तक एवं शीतकाल में मध्यावकाश अपरान्ह 12 बजे से 12:30 बजे तक होगा। |

3— जिलाधिकारी द्वारा अनुमन्य अवकाश देय होगे।

4— मुस्लिम त्यौहार चन्द्र दर्शन के अनुसार मानायें जायेंगे।

5— हरि तालिका तीज अथवा हरियाली तीज ,करवा चौथ, संकठा चतुर्थी एवं हलषष्ठी/ललई छठ, जीउतिया व्रत/अहोई अष्टमी का अवकाश शिक्षिकाओं एवं पितृ—विसर्जन का अवकाश शिक्षक/शिक्षिकाओं को देय होगा।

6— **ग्रीष्मावकाश 20 मई से 15 जून तक।**

7— **शीतकालीन अवकाश 31 दिसम्बर से 14 जनवरी तक।**

8— ग्रीष्मकाल एवं शीतकाल में मौसम परिवर्तन के दृष्टिगत सक्षम प्राधिकारी द्वारा विद्यालय संचालन के समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के अन्तर्गत निर्धारित शैक्षिक घण्टों में कमी न होने के दृष्टिगत किया जायेगा।

9— राष्ट्रीय पर्वो पर विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

10— महापुरूषों के साथ—साथ देश के स्वाधीनता आन्दोलन के क्रान्तिकारियों एवं प्रसिद्ध समाज सुधारकों आदि के जन्म दिवस पर विद्यालयों में उनके व्यक्तित्व, कृतिव तथा उनके जीवन के सम्बद्ध में छात्र छात्राओं को बताया जायेगा।

उपर्युक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

भवदीय

(सुरेन्द्र कुमार तिवारी),
सचिव,
उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद,
प्रयागराज।
31.12.25

पृ0सं0बे0शि0प0/ 19684-89 /2025—26 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1— समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2— शिक्षा निदेशक (बेसिक), उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3— अपर शिक्षा निदेशक (बेसिक/माध्यमिक) प्रयागराज।
4— वित्त नियंत्रक, बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज।
5— मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), समस्त मण्डल उत्तर प्रदेश।
6— अध्यक्ष (समस्त मान्यता प्राप्त) शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

(सुरेन्द्र कुमार तिवारी),
सचिव,
उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद,
प्रयागराज।
31.12.25